indiresult.in whatsapp - 9352018749

प्रश्न पुस्तिका

कोड / Code : 10

पुस्तिका में पृष्ठों की संख्या : 32

पुस्तिका में प्रश्नों की संख्या : 150

समय / Time : 3.00 घंटे / Hours

पूर्णांक / Maximum Marks : 100

पुस्तिका क्रम

1036377

10 PAPER-1

विषय कोड A

निर्देश :

1. सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।
2. सभी प्रश्नों के अंक समान हैं ।
3. प्रत्येक प्रश्न का केवल एक ही उत्तर दीजिए।
4. एक से अधिक उत्तर देने की दशा में प्रश्न के उत्तर को गलत माना जाएगा ।
5. प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर दिये गये हैं, जिन्हें क्रमश: 1, 2, 3, 4 अंकित किया गया हैं। अभ्यर्थी को सही उत्तर निर्दिष्ट करते हुए उनमें से केवल एक गोले अथवा बबल को उत्तर पत्रक पर नीले बॉल प्वाइंट पेन से गहरा करना है ।
6. प्रत्येक गलत उत्तर के लिए प्रश्न अंक का 1/3 भाग काटा जायेगा। गलत उत्तर से तात्पर्य अशुद्ध उत्तर अथवा किसी भी प्रश्न के एक से अधिक उत्तर से है । किसी भी प्रश्न से संबंधित गोले या बबल को खाली छोड़ना गलत उत्तर नहीं माना जायेगा।

indiresult.in whatsapp - 9352018749

7. प्रश्न पत्र पुस्तिका एवं उत्तर पत्रक के लिफाफे की सील खोलने पर परीक्षार्थी यह सुनिश्चित कर लें कि उसके प्रश्न पत्र पुस्तिका पर वही सीरीज अंकित है जो उत्तर पत्रक पर अंकित है। इसमें कोई भिन्नता हो तो वीक्षक से प्रश्न–पत्र की ही सीरीज वाला दूसरा प्रश्न–पत्र का लिफाफा प्राप्त कर लें। ऐसा न करने पर जिम्मेदारी अभ्यर्थी की होगी।
8. मोबाईल फोन अथवा इलेक्ट्रोनिक यंत्र का परीक्षा हॉल में प्रयोग पूर्णतया वर्जित हैं। यदि किसी अभ्यर्थी के पास ऐसी कोई वर्जित सामग्री मिलती है तो उसके विरुद्ध आयोग द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।
9. कृपया अपना रोल नम्बर ओ.एम.आर. पत्रक पर सावधानी पूर्वक सही भरें । गलत अथवा अपूर्ण रोल नम्बर भरने पर 5 अंक कुल प्राप्तांको में से अनिवार्य रूप से काटे जाएंगे।

*चेतावनी : अगर कोई अभ्यर्थी नकल करते पकड़ा जाता है या उसके पास से कोई अनधिकृत सामग्री पाई जाती है, उस अभ्यर्थी के विरुद्ध पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराई जायेगी और आर. पी. ई. (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम, 1992 के नियम 3 के तहत कार्यवाही की जायेगी। साथ ही आयोग ऐसे अभ्यर्थी को भविष्य में होने वाली आयोग की समस्त परीक्षाओं से विवर्जित कर सकता है।*

indiresult.in whatsapp - 9352018749

indiresult.in whatsapp - 9352018749

1 निम्नलिखित में से असत्य कथन है :

(1) पूर्ण वर्ग संख्या का इकाई अंक 0, 1, 4, 5, 6 अथवा 9 होता है ।

(2) जिस संख्या के अन्त में एक या तीन या पाँच शून्य हो, तो वह संख्या पूर्ण वर्ग नहीं होती है ।

(3) जिस संख्या का बीजांक 2, 3, 5, 6 अथवा 8 हो, तो वह संख्या पूर्ण वर्ग होती है।

(4) $n$ अंकों वाली पूर्ण वर्ग संख्या के वर्गमूल में $\frac{n}{2}$ अंक अथवा $\frac{n+1}{2}$ अंक होते हैं।

2 किसी पूर्ण घन संख्या का चरमांक 3 है तो इसके घनमूल का चरमांक होगा :

(1) 3 (2) 7

(3) 6 (4) 5

3 1013 के घनफल में शून्यों की संख्या है :

(1) 0 (2) 1

(3) 2 (4) 3

4 संख्याओं (A) 250000, (B) 6400000, (C) 70560, (D) 10000000 में से पूर्ण वर्ग संख्या है :

(1) केवल (A) (2) (A) तथा (B)

(3) केवल (C) (4) (A) तथा (D)

5 घन संख्या का बीजांक नहीं होता है :

indiresult.in whatsapp - 9352018749

(1) 1 (2) 7

(3) 8 (4) 9

indiresult.in whatsapp - 9352018749

6 द्वन्द्वयोग विधि द्वारा 24561 का वर्ग ज्ञात करते समय कितने अंक समूह बनेंगे ?

(1) 9 (2) 7

(3) 5 (4) 3

7 अचर बहुपद की घात होती है :

(1) 1 (2) 2

(3) 3 (4) 0

8 $m$ तथा $n$ के क्रमशः वे मान जिनसे बहुपद $mx^3 + nx^2 + 4x - 3$, $(x+1)$ तथा $(x-2)$ से पूरा-पूरा विभाजित हो जाए, हैं :

(1) $\frac{11}{4}, \frac{17}{4}$ (2) $-\frac{11}{4}, -\frac{17}{4}$

(3) $11, -17$ (4) $-\frac{11}{4}, \frac{17}{4}$

9 समीकरण निकाय $2x + ky = 1$, $3x - 5y = 7$ के अद्वितीय हल के लिए आवश्यक शर्त है :

(1) $k \neq -\frac{10}{3}$ (2) $k \neq \frac{10}{3}$

(3) $k \neq -\frac{5}{2}$ (4) $k \neq \frac{2}{3}$

indiresult.in whatsapp - 9352018749

10 यदि $\log_{10}\left[\log_2\left(\log_4 x\right)\right] = 0$ हो, तो $x$ का मान है :

(1) 14 (2) 10

(3) 8 (4) 16

indiresult.in whatsapp - 9352018749

11 समीकरण $x-\left[-x-\left\{-x-\left(-x\right)\right\}\right]=x+5$ में $x$ का मान है :

(1) 0 (2) 5

(3) –5 (4) 1

12 एक कक्षा में लड़के एवं लड़कियों का अनुपात 5 : 3 है । निम्नलिखित में से विद्यार्थियों की वह संख्या जो कक्षा में नहीं हो सकती है, होगी :

(1) 32 (2) 36

(3) 40 (4) 56

13 घर से 4 किमी/घण्टा की चाल से चलकर जाने पर एक व्यक्ति अपने कार्यालय 5 मिनट देरी से पहुँचता है । यदि वह 5 किमी/घण्टा की चाल से कार्यालय जाये तो 4 मिनट जल्दी पहुँचता है । उसके घर से कार्यालय की दूरी है :

(1) 3 किमी (2) 5 किमी

(3) 4 किमी (4) 7 किमी

14 यदि $x+\frac{1}{x}=4$ हो, तो $x^2+\frac{1}{x^2}$ का मान होगा –

(1) 18 (2) 20

(3) 14 (4) 16

indiresult.in whatsapp - 9352018749

15 एक कक्षा में विद्यार्थियों को पंक्तियों में खड़ा किया जाता है । यदि एक पंक्ति में एक विद्यार्थी को अतिरिक्त खड़ा किया जाये तो पंक्तियों की संख्या 2 कम हो जाती है और यदि एक पंक्ति में एक विद्यार्थी कम खड़ा किया जाये तो पंक्तियों की संख्या 3 बढ़ जाती है । कक्षा में विद्यार्थियों की कुल संख्या है :

(1) 60 (2) 50

(3) 90 (4) 120

indiresult.in whatsapp - 9352018749

16 एक विद्यार्थी को एक परीक्षा में उत्तीर्ण होने के लिए 36% अंक प्राप्त करने थे । उसने 28% अंक प्राप्त किये तथा वह 6 अंकों से अनुतीर्ण घोषित कर दिया गया, तो पूर्णांक होंगे–

(1) 50 (2) 70

(3) 75 (4) 80

17 एक व्यापारी ने 41650 रुपये की दर से दो स्कूटर बेचे । उनसे एक पर 25% लाभ तथा दूसरे पर 25% हानि हुई । इस सौदे में लाभ अथवा हानि प्रतिशत है :

(1) न लाभ, न हानि (2) 6.25% हानि

(3) 6.25% लाभ (4) 5% लाभ

18 रवि ने 200 गायें 5 माह तक तथा सलीम ने $x$ गायें 4 माह तक किसी खेत में चराई । यदि रवि ने सलीम से दुगुना किराया दिया हो, तो $x$ का मान है :

(1) 125 (2) 250

(3) 375 (4) 500

Shubh

19 4800 रुपये की राशि पर 5% वार्षिक साधारण ब्याज की दर से $2\frac{1}{2}$ वर्षों में ब्याज की राशि होगी :

(1) 400 रुपये (2) 450 रुपये

(3) 500 रुपये (4) 600 रुपये

20 4000 रुपये का 5% वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज की दर से मिश्रधन 4410 रुपये हो, तो समय है :

indiresult.in whatsapp - 9352018749

(1) 1 वर्ष (2) 2 वर्ष

(3) 3 वर्ष (4) 1.5 वर्ष

indiresult.in whatsapp - 9352018749

**21** 8700 रुपये के बीजक की निम्न शर्तें हैं :

"नगद 15, $\frac{9}{8}$, $\frac{6}{16}$, $\frac{n}{20}$"

19वें दिन भुगतान करने पर भुगतान राशि होगी –

(1) 7395 रुपये (2) 7917 रुपये

(3) 8178 रुपये (4) 8700 रुपये

**22** निम्नलिखित में से पूरक कोण युग्म है :

(1) $115^\circ, 65^\circ$ (2) $140^\circ, 220^\circ$

(3) $55^\circ, 35^\circ$ (4) $55^\circ, 135^\circ$

**23** एक अष्टभुज में कुल विकर्णों की संख्या होती है :

(1) 14 (2) 16


(3) 18 (4) 20

**24** एक त्रिभुज $ABC$ में भुजा $BC$ पर एक बिन्दु $D$ इस प्रकार है कि $AD = BD$ तथा $AC = DC$ एवं $\angle C = 44^\circ$, तो $\angle A$ का मान होगा :

(1) $102^\circ$ (2) $68^\circ$

(3) $112^\circ$ (4) इनमें से कोई नहीं

**25** दिये गये चित्र में $BC \| DE$ एवं $DE = 5$ सेमी, $BC = 10$ सेमी और त्रिभुज $ABC$ का क्षेत्रफल 120 वर्ग सेमी है, तो त्रिभुज $ADE$ का क्षेत्रफल होगा :




indiresult.in whatsapp - 9352018749

(1) 50 वर्ग सेमी (2) 25 वर्ग सेमी

(3) 30 वर्ग सेमी (4) इनमें से कोई नहीं

indiresult.in whatsapp - 9352018749

26 कार्तीय निर्देशांक पद्धति में यदि मूल बिन्दु को (2, 2) पर स्थानान्तरित कर दिया जाये तो बिन्दु (4, –2) के नये निर्देशांक होंगे :

(1) (2, –4) (2) (–2, 4)

(3) (2, 4) (4) (6, 0)

27 यदि दो बिन्दुओं (3, 4) तथा ($P$, 7) को मिलाने वाले रेखाखण्ड का मध्य बिन्दु $(x, y)$ है तथा $2x+2y+1=0$ हो, तो $P$ का मान है :

(1) 15 (2) $-\frac{17}{2}$


(3) –15 (4) $\frac{17}{2}$

28 उत्तल पंचभुज, षट्भुज तथा सप्तभुज के बहिष्कोणों का योगफल क्रमशः है :

(1) 6, 8, 10 समकोण (2) 4, 4, 4 समकोण

(3) 10, 8, 6 समकोण (4) 5, 6, 7 समकोण

29 यदि नीचे दिये गये चित्र का क्षेत्रफल $(8+16\sqrt{2})$ वर्ग इकाई है, तो $x$ का मान होगा :




indiresult.in whatsapp - 9352018749

(1) $3\sqrt{2}$ (2) $(4+\sqrt{2})$

(3) $(6-\sqrt{2})$ (4) 4

indiresult.in whatsapp - 9352018749

30 एक समलम्ब चतुर्भुज की समान्तर भुजाएँ क्रमशः 4 सेमी एवं 7 सेमी हैं एवं उनके बीच की दूरी 6 सेमी है, तो समलम्ब चतुर्भुज का क्षेत्रफल है :

(1) 84 वर्ग सेमी
(2) 20 वर्ग सेमी
(3) 33 वर्ग सेमी
(4) 17 वर्ग सेमी

31 एक घन एवं उसके अन्दर पूर्णतः फिट हो जाने वाले गोले के आयतनों का अनुपात है :

(1) $3:\pi$
(2) $6:\pi$
(3) $4:\pi$
(4) $24:\pi$

32 एक वृत्ताकार मैदान के सात चक्कर लगाने पर एक धावक 1540 मीटर की दौड़ पूरी करता है । वृत्ताकार मैदान की त्रिज्या होगी (यहाँ $\pi = \frac{22}{7}$ लें) –

(1) 35 मीटर
(2) 40 मीटर
(3) 55 मीटर
(4) 70 मीटर

33 यदि एक शंकु के वक्र पृष्ठ का क्षेत्रफल दूसरे शंकु के वक्र पृष्ठ के क्षेत्रफल का तीन गुना है तथा दूसरे शंकु की तिर्यक ऊँचाई पहले शंकु की तिर्यक ऊँचाई की तीन गुना है, तो उनके आधारों के क्षेत्रफल का अनुपात है :

(1) 27 : 1
(2) 9 : 1
(3) 3 : 1
(4) 81 : 1

34 यदि किसी बेलन की त्रिज्या एवं ऊँचाई दोनों में 20% की वृद्धि होती है, तो उसके आयतन में कितने प्रतिशत वृद्धि होगी ?

indiresult.in whatsapp - 9352018749

(1) 33.1%
(2) 40%
(3) 72.8%
(4) इनमें से कोई नहीं

indiresult.in whatsapp - 9352018749

35 यदि दो घनों के आयतन का अनुपात 8 : 125 है, तो इनकी कोरों का अनुपात है :

(1) $\sqrt{8}:\sqrt{125}$ (2) 2 : 5

(3) 9 : 25 (4) 1 : 5

36 एक हौज की लम्बाई 3 मीटर, चौड़ाई 2.5 मीटर और गहराई 4 मीटर है, इसमें कितने लिटर पानी भरा जा सकता है ?

(1) 30,000 लिटर (2) 25,000 लिटर

(3) 20,000 लिटर (4) 35,000 लिटर

37 एक घड़ी में मिनट की सुई $11\frac{1}{9}$ मिनट में घूमेगी –

(1) 33° 20' (2) 66° 40'

(3) 90° (4) 60° 45'

38 यदि $\tan\theta = 2-\sqrt{3}$ हो, तो $\tan(90-\theta)$ का मान हैं :

(1) $2+\sqrt{3}$ (2) $2-\sqrt{3}$

(3) $2\sqrt{3}$ (4) $\frac{2}{\sqrt{3}}$

Shubh

39 यदि $a\cos\theta + b\sin\theta = m$ तथा $a\sin\theta - b\cos\theta = n$ हो, तो $a^2+b^2$ का मान है :

(1) $m+n$ (2) $mn$

(3) $m^2n^2$ (4) $m^2+n^2$

40 यदि $\theta$ न्यून कोण है तथा $\sin\theta = \cos\theta$ हो, तो $2\cot^2\theta + \cos^2\theta + 1$ का मान है :

(1) $\frac{5}{2}$ (2) $\frac{3}{2}$

(3) $\frac{7}{2}$ (4) 2

indiresult.in whatsapp - 9352018749

indiresult.in whatsapp - 9352018749

41 $\left(\dfrac{\sin 47^\circ}{\cos 43^\circ}\right)^2 + \left(\dfrac{\cos 43^\circ}{\sin 47^\circ}\right)^2 + 4\sin^2 45^\circ$ का मान है :

(1) 4
(2) 2
(3) 0
(4) ज्ञात नहीं कर सकते

42 यदि सूर्य की रोशनी में एक स्तम्भ की छाया की लम्बाई स्तम्भ की लम्बाई के $\sqrt{3}$ गुना है, तो सूर्य का उन्नयन कोण है :

(1) 45°
(2) 60°
(3) 75°
(4) 30°

43 किसी मीनार की चोटी का उन्नयन कोण समतल पर स्थित एक बिन्दु से 15° है। मीनार की ओर 100 मीटर चलने पर उन्नयन कोण 30° हो जाता है । मीनार की ऊँचाई है :

(1) $50\sqrt{2}$ मीटर
(2) 60 मीटर
(3) 50 मीटर
(4) 75 मीटर

44 दिये गये आंकड़ों (डाटा) की माध्यिका और माध्य का अन्तर 12 हो, तो बहुलक और माध्यिका का अन्तर होगा :

(1) 36
(2) 24
(3) 30
(4) ज्ञात नहीं कर सकते

45 माध्य विचलन सबसे कम होता है –

indiresult.in whatsapp - 9352018749

(1) चरम मूल्य से
(2) बहुलक से
(3) माध्यिका से
(4) माध्य से

indiresult.in whatsapp - 9352018749

46 समान्तर माध्य से विभिन्न मूल्यों के विचलनों के **वर्गों का योग** होता है :

(1) सदैव शून्य (2) अधिकतम

(3) न्यूनतम (4) इनमें से कोई नहीं

47 किस माध्य में चरम–मूल्यों का न्यूनतम प्रभाव होता है ?

(1) समान्तर माध्य में (2) गुणोत्तर माध्य में

(3) हरात्मक माध्य में (4) बहुलक में

48 किसी कक्षा में 11 विद्यार्थियों के गणित में प्राप्तांक 45, 20, 41, 43, 25, 54, 47, 36, 40, 62, 55 हैं, तो इसकी माध्यिका होगी :

(1) 41 (2) 43

(3) 45 (4) 47

49 एक शहर की जनसंख्या किसी वर्ष में 2,50,000 थी तथा उस वर्ष में मृतकों की संख्या 3,000 थी, तो शहर की अशोधित मृत्यु दर होगी :

(1) 12% (2) 11.2%

(3) 88% (4) इनमें से कोई नहीं

50 किसी वस्तु का मूल्य वर्ष 2006 में 250 रुपये तथा वर्ष 2010 में 350 रुपये हो, तो 2006 को आधार वर्ष मानते हुए वर्ष 2010 का मूल्य सूचकांक होगा :

(1) 130 (2) 140

indiresult.in whatsapp - 9352018749

(3) 71.43 लगभग (4) आंकड़ें अपर्याप्त हैं

indiresult.in whatsapp - 9352018749

51 निम्न में से सर्वाधिक क्रियाशील धातु है :

(1) जस्ता (Zinc)
(2) ताँबा (Copper)
(3) लीथियम (Lithium)
(4) चाँदी (Silver)

52 ग्रेफाइट को इलेक्ट्रिक आर्क द्वारा अक्रिय गैस की उपस्थिति में गर्म करने पर प्राप्त होता है :

(1) हीरा
(2) वॉटर गैस
(3) फुलरीन
(4) क्राउन ईथर

53 निम्न में से एनायनिक डिटर्जेन्ट है :

(1) ग्लीसरिल पामिटेट
(2) सोडियम स्टियरेट
(3) सोडियम लॉरिल सल्फेट
(4) सिटाइल ट्राई मेथिल अमोनियम ब्रोमाइड

54 निम्न में से कौन सी कृत्रिम शर्करा है ?

(1) नोवेस्ट्राल
(2) एस्पार्टेम
(3) टर्पिनाल
(4) क्लोरोक्सिनॉल

55 बरतनों में नॉन स्टिक सतह के लिए प्रयुक्त होता है :

(1) टेरीलीन
(2) डेक्रान
(3) टेफ्लॉन
(4) फ्रिऑन

56 सम्पीडित प्राकृतिक गैस (CNG) का मुख्य घटक है :

(1) एथेन
(2) मेथेन
(3) प्रोपेन
(4) एसीटिलीन

indiresult.in whatsapp - 9352018749

indiresult.in whatsapp - 9352018749

57 निम्नलिखित में से कौन सा एक भौतिक परिवर्तन नहीं है ?

(1) जल का नमक में विलेय होना

(2) जल का क्वथनांक पर जल वाष्प का बनना

(3) बर्फ के गलनांक पर जल का बनना

(4) द्रवित पेट्रोलियम गैस का दहन

58 निम्नलिखित में से कौन सा प्रक्रम ऊष्माक्षेपी है ?

(i) कपूर का ऊर्ध्वपातन

(ii) एक सान्द्र अम्ल का तनुकरण

(iii) बिना बुझे चूने के साथ जल की अभिक्रिया

(iv) जल का वाष्पीकरण

कूट :

(1) (i) तथा (ii)

(2) (ii) तथा (iii)

(3) (i) तथा (iv)

(4) (iii) तथा (iv)

59 $OF_2$ में ऑक्सीजन का ऑक्सीकरण अंक है :

(1) −3 (2) +1

(3) −1 (4) +2

60 हीमोग्लोबिन में निम्न धातु होती है :

indiresult.in whatsapp - 9352018749

(1) मैग्नीशियम (2) आयरन

(3) कैल्सियम (4) कोबाल्ट

indiresult.in whatsapp - 9352018749

INDIRESULT YOUR SUCCESS PARTNER

61 एम्पीसिलीन दवाई है :

(1) कैंसररोधी (2) प्रतिजैविक

(3) निद्राकारी (4) दर्दनाशक

62 हेरोइन का रसायनिक नाम है :

(1) मार्फीन डाइएसीटेट (2) मार्फीन मोनोएसीटेट

(3) मार्फीन डाइबेन्जोएट (4) मार्फीन मोनोबेन्जोएट

63 कैलामीन किस धातु का अयस्क है ?

(1) जस्ता (Zinc) (2) लोहा (Iron)

(3) ताँबा (Copper) (4) सोना (Gold)

64 निम्न में से किस धातु का इलेक्ट्रानिक विन्यास $3\,d^{10}\;4\,s^{1}$ है ?

(1) निकल (2) जस्ता

(3) ताँबा (4) कैडमियम

65 डाइक्लोरो डाइफ्लोरो मिथेन $[CCl_2F_2]$ द्वारा ओजोन को नष्ट करने की प्रक्रिया से मुक्त होती है :

indiresult.in whatsapp - 9352018749

(1) क्लोरीन (2) फ्लोरीन

(3) नाइट्रोजन डाइऑक्साइड (4) ब्रोमीन



INDIRESULT YOUR SUCCESS PARTNER

indiresult.in whatsapp - 9352018749

66 प्रकाश के वर्ण विक्षेपण का उदाहरण है :

(1) मृग मरीचिका
(2) हीरे की चमक
(3) प्रिज़्म से प्राप्त स्पैक्ट्रम
(4) प्रकाशीय तन्तु

67 प्रकाश तरंगों के लिए निम्न में से कौन सा कथन सत्य है ?

(1) लाल रंग की तरंगदैर्घ्य सर्वाधिक होती है।
(2) बैंगनी रंग की तरंगदैर्घ्य सर्वाधिक होती है।
(3) बैंगनी रंग का वेग लाल रंग से अधिक होता है।
(4) लाल रंग की आवृत्ति बैंगनी रंग की आवृत्ति से अधिक होती है।

68 यदि गोलीय दर्पण की वक्रता त्रिज्या '$R$' तथा फोकस दूरी '$f$' हो, तो इनमें निम्नलिखित सम्बन्ध है :

(1) $2R = f$
(2) $R = 2f$
(3) $R = \sqrt{f}$
(4) $f = \sqrt{R}$

69 यदि निर्धारित लेंस की क्षमता +2.0 D है, इसका अर्थ है कि

(1) निर्धारित लेंस उत्तल है, तथा इसकी फोकस दूरी +0.50 m है।
(2) निर्धारित लेंस अवतल है तथा इसकी फोकस दूरी +0.50 m है।
(3) निर्धारित लेंस अवतल है तथा इसकी फोकस दूरी +2.00 m है।
(4) निर्धारित लेंस उत्तल है तथा इसकी फोकस दूरी +2.00 m है।

indiresult.in whatsapp - 9352018749

70 मानव नेत्र के जिस भाग पर किसी वस्तु का प्रतिबिम्ब बनता है, वह है

(1) परितारिका
(2) कोर्निया
(3) रेटिना या दृष्टिपटल
(4) पुतली

indiresult.in whatsapp - 9352018749

71 किसी वस्तु के एक समरूप चालक का प्रतिरोध उसकी लम्बाई ($l$) के ________ तथा उसके अनुप्रस्थ काट के क्षेत्रफल ($A$) के ________ होता है ।

(1) अनुक्रमानुपाती, व्युत्क्रमानुपाती
(2) अनुक्रमानुपाती, अनुक्रमानुपाती
(3) व्युत्क्रमानुपाती, अनुक्रमानुपाती
(4) व्युत्क्रमानुपाती, व्युत्क्रमानुपाती

72 घरेलू विद्युत युक्तियों को इस प्रकार संयोजित किया जाता है, जिससे -

(1) उनमें एकसमान धारा प्रवाहित हो
(2) उनको एकसमान वोल्टता प्राप्त हो
(3) उनमें विद्युत ऊर्जा की खपत अधिक हो
(4) उनमें विद्युत ऊर्जा की खपत नगण्य हो

73 किसी ac जनित्र तथा dc जनित्र में एक मूलभूत अन्तर है कि -

(1) ac जनित्र में विद्युत चुम्बक तथा dc जनित्र में स्थायी चुम्बक होता है
(2) dc जनित्र उच्च वोल्टता जनन करता है जबकि ac जनित्र नहीं
(3) ac जनित्र में सर्पी वलय होते है जबकि dc जनित्र में दिक् परिवर्तक होते है
(4) ac जनित्र उच्च वोल्टता का जनन करता है जबकि dc जनित्र नहीं

74 200 वोल्ट के एक वोल्टता जनित्र को 40 वाट के बल्ब से जोड़ा गया है। बल्ब में प्रवाहित धारा का मान होगा –

(1) 2 एम्पीयर
(2) 5 एम्पीयर
(3) 0.2 एम्पीयर
(4) 0.5 एम्पीयर

75 घरों में उपयोग होने वाले सूक्ष्म तरंग चूल्हों (माइक्रोवेव ऑवन) में निम्न में से कौन सा पद सम्बन्धित नहीं है ?

indiresult.in whatsapp - 9352018749

(1) मैग्नेट्रान
(2) विद्युत चुम्बकीय तरंगें
(3) रेडियो तरंगें
(4) द्विविद्युतीय ऊष्मा

indiresult.in whatsapp - 9352018749

INDIRESULT YOUR SUCCESS PARTNER

76 भोजन में विटामिन की कमी से होने वाला रोग है –

(1) बेरी बेरी (2) न्यूमोनिया

(3) गठिया (4) लकवा

77 जलीय पारिस्थितिक तन्त्र में अपघटक के उदाहरण हैं –

(1) शैवाल व कवक (2) शैवाल व जीवाणु

(3) जीवाणु व कवक (4) प्लवक व जीवाणु

78 मानव जाति में बच्चे के लिंग का निर्धारण कैसे होता है ?

(1) माता से आने वाले 'X' गुणसूत्र द्वारा

(2) पिता से आने वाले 'Y' गुणसूत्र द्वारा

(3) पिता से आने वाले सभी गुणसूत्रों द्वारा

(4) पिता से आने वाले 'X' अथवा 'Y' गुणसूत्र द्वारा

79 मलेरिया नामक रोग कौन से मच्छर के काटने से फैलता है ?

(1) क्यूलेक्स (2) एनोफेलीज मादा मच्छर

(3) डेंगी (4) नर एनोफेलीज मच्छर

80 टेटनस किस वजह से होता है ?

indiresult.in whatsapp - 9352018749

(1) बैक्टीरिया से (2) कवक से

(3) वाइरस से (4) माइकोप्लाज्मा से



INDIRESULT YOUR SUCCESS PARTNER

indiresult.in whatsapp - 9352018749

81 मेण्डल ने आनुवांशिकी के नियम कौन से पौधे पर अनुसंधान करके दिये थे ?

(1) मटर (2) टमाटर

(3) आलू (4) प्याज

82 प्रोटीन संश्लेषण में कौन से घटक अपना योगदान देते हैं ?

(1) न्यूक्लीयस तथा राइबोसोम

(2) न्यूक्लीयस, राइबोसोम तथा एन्डोप्लाज्मिक झिल्ली

(3) राइबोसोम

(4) राइबोसोम तथा माइटोकॉन्ड्रिया

83 सर्वग्राही रक्त समूह है -

(1) A (2) B

(3) AB (4) O

84 निम्नलिखित में से कौन सा कथन सत्य है ?

(1) समुद्र में जैवमात्रा के पिरैमिड प्रायः सीधे होते हैं।

(2) घास के मैदान का पिरैमिड प्रायः उल्टा होता है।

(3) ऊर्जा पिरैमिड सदैव खड़ी अवस्था में होते हैं।

(4) ऊर्जा पिरैमिड सदैव उल्टा होता है।

85 अभी हाल ही चर्चा में आए स्वर्ण चावल किस पद्धति से विकसित किए गए हैं ?

(1) लैंगिक जनन द्वारा (by sexual reproduction)

(2) पराजीनी तकनीक द्वारा (by transgenic technique)

indiresult.in whatsapp - 9352018749

(3) पादप संकरण विधि द्वारा (by plant hybridization technique)

(4) अलैंगिक जनन द्वारा (by asexual reproduction)

indiresult.in whatsapp - 9352018749

86 मेण्डल का 'स्वतंत्र अपव्यूहन (असौर्टमैन्ट) का सिद्धान्त' निम्नलिखित में से किस अनुपात के आधार पर सिद्ध किया जा सकता है?

(1) 9 : 3 : 3 : 1 (2) 2 : 1 : 1

(3) 3 : 1 (4) 2 : 1

87 डी. एन. ए. एवं आर. एन. ए. में समानता है कि दोनों –

(1) न्यूक्लिओटाइड्स के बहुलक हैं (2) द्वि सूत्री हैं

(3) इनमें समान शर्करा हैं (4) इनमें समान पिरिमिडीन हैं

Shubh

88 एक समुद्री पारिस्थितिक तंत्र में किस क्षेत्र में प्रकाश मंद होता है ?

(1) यूफोटिक (Euphotic) (2) नेरिटिक (Neritic)

(3) एफोटिक (Aphotic) (4) इन्टरटाइडल (Intertidal)

89 'लाइकन' जिसमें फंगाई द्वारा निर्मित मैट्रिक्स में एल्गी की कोशिकाएँ धंसी होती हैं, उदाहरण है –

(1) सहपरोपकारिता का (2) सहभोजिता का

(3) परभक्षिता का (4) परजीविता का

90 Rh कारक की खोज किसने की ?

indiresult.in whatsapp - 9352018749

(1) हक्सले (2) लेण्डस्टिनर एवं वीनर

(3) डार्विन (4) वैलेस

indiresult.in whatsapp - 9352018749

91 विटामिन का कौन सा समूह जल में घुलनशील है?

(1) A, D (2) D, E

(3) A, K (4) C, B

92 भारत में उत्तम किस्म के मोती का निर्माण किस जन्तु द्वारा होता है?

(1) माइटिलस द्वारा (2) पिंकटाडा द्वारा

(3) युनिओ द्वारा (4) एनोडोन्टा द्वारा

93 निम्न में से कौन सी दवा पादप की छाल से प्राप्त की जाती है?

(1) एकोनाइट (2) एफेड्रीन

(3) बैलाडोना (4) कुनैन

94 मलेरिया परजीवी के जीवन चक्र में विभिन्न चरणों का सही क्रम क्या है?

(1) ऊकाइनीट, ज़ाईगोट, स्पोरोज़ोइट, ऊसिस्ट

(2) ज़ाईगोट, ऊकाइनीट, ऊसिस्ट, स्पोरोज़ोइट

(3) ज़ाईगोट, ऊकाइनीट, स्पोरोज़ोइट, ऊसिस्ट

(4) ऊकाइनीट, ज़ाईगोट, ऊसिस्ट, स्पोरोज़ोइट

indiresult.in whatsapp - 9352018749

95 भारत में जैवपेटेन्ट के संदर्भ में क्या सत्य है ?

(1) सन् 2001 में पेटेन्ट प्रक्रिया हेतु भारत ने बूडापेस्ट संधि की।

(2) सन् 2002 से पूर्व जीवित सत्व एवं जैविक वस्तुओं पर पेटेन्ट की अनुमति नहीं थी।

(3) जैवतकनीक के क्षेत्र में पेटेन्ट प्रदान करने हेतु सन् 2002 में कानून में संशोधन हुआ।

(4) उपरोक्त सभी।

indiresult.in whatsapp - 9352018749

96 निम्नलिखित में से कौन सा पूर्ण सेल रेफरेन्स (Cell Reference) है?

(1) X1 (2) $X1

(3) #X1 (4) $X$1

97 ई-मेल एड्रेस का प्रथम भाग क्या इंगित करता है?

(1) मेलबॉक्स का कम्प्यूटर (2) उपयोगकर्ता के मेलबॉक्स का नाम

(3) उपरोक्त (1) व (2) दोनों (4) डोमेन का नाम

98 निम्नलिखित में से नासा (NASA) के सम्बन्ध में कौन सा युग्म सही है ?

(1) नेशनल अमेरिकन स्पेस एसोसिएशन - New York (न्यू यार्क)

(2) नेशनल ऐरोनोटिक्स एण्ड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन - Washington DC (वाशिंगटन डीसी)

(3) नॉर्थ अमेरिकन स्पेस एजेंसी - Frederick (फ्रेडरिक)

(4) नॉर्थ अमेरिकन स्पेस एसोसिएशन - Connecticut (कनेक्टीकट)

99 निम्नलिखित में से भारत का प्रथम सैटेलाइट कौन सा है?

(1) एप्पल (2) स्पूतनिक

(3) आर्यभट्ट (4) अपोलो

100 सी.डी.एम.ए. (CDMA) का पूरा नाम क्या है?

indiresult.in whatsapp - 9352018749

(1) कोड डिवीजन मोबाइल एक्सेस (2) सेल्यूलर डिवीजन मल्टीपल एक्सेस

(3) सेल्यूलर डिवीजन मोबाइल एक्सेस (4) कोड डिवीजन मल्टीपल एक्सेस

indiresult.in whatsapp - 9352018749

INDIRESULT YOUR SUCCESS PARTNER

101 भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक हैं –

(1) शशिकांत शर्मा (2) विनोद राय

(3) के. जी. बालकृष्णन (4) अजय रस्तोगी

102 राजस्थान में क्रीड़ा विश्वविद्यालय कहाँ स्थापित किया गया है ?

(1) सीकर (2) उदयपुर

(3) झुंझुनूं (4) गंगानगर

103 नवंबर, 2013 में दिवंगत हुए साहित्यकार ओम प्रकाश वाल्मीकि की आत्मकथा का शीर्षक है –

(1) 'जूठन' (2) 'सतह से उठते हुए'

(3) 'कठौती में गंगा' (4) 'साधना'

104 रिज़र्व बैंक ऑफ इंडिया के गवर्नर का नाम है :

(1) सुधीर वासुदेव (2) आदित्य पुरी

(3) टी. एम. भसीन (4) रघुराम राजन

105 नवंबर, 2013 में भारत सरकार ने दो विभूतियों को भारत रत्न से अलंकृत करने की घोषणा की है। सचिन तेंदुलकर के अलावा दूसरी विभूति हैं :

indiresult.in whatsapp - 9352018749

(1) भीमसेन जोशी (2) सी. एन. आर. राव

(3) मेजर ध्यानचंद (4) के. राधाकृष्णन

indiresult.in whatsapp - 9352018749

106 छत्तीसगढ़ विधानसभा में निर्वाचित सीटों की संख्या है :

(1) 40 (2) 60

(3) 90 (4) 120

107 1 दिसंबर, 2013 को हुए, राजस्थान विधान सभा के चुनाव में किस सीट का चुनाव स्थगित कर दिया गया था ?

(1) गुढ़ामालानी (2) सादुलपुर

(3) सिकराय (4) चुरू

108 सचिन तेंदुलकर ने 20-20 के कितने अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले है ?

(1) कोई नहीं (2) केवल 1

(3) केवल 3 (4) केवल 5

109 5 नवंबर, 2013 को मंगल यान को ले जाने वाले रॉकेट पी एस एल वी –सी 25 का प्रक्षेपण किया गया :

(1) श्रीहरिकोटा से (2) तिरुअनंतपुरम् से

(3) हासन से (4) बालासोर से

110 विश्व शतरंज चैम्पियनशिप, 2013 में विश्वनाथ आनंद को हराने वाले मेग्नस कार्लसन किस देश से संबंधित हैं ?

indiresult.in whatsapp - 9352018749

(1) रूस (2) नॉर्वे

(3) दक्षिण अफ्रीका (4) डेनमार्क

indiresult.in whatsapp - 9352018749

111 परवन परियोजना किस जिले में स्थित है ?

(1) कोटा (2) बून्दी

(3) झालावाड (4) बाँरा

112 'पन्नालाल बारूपाल कैनाल' के जल का स्रोत है –

(1) जवाईं बाँध (2) फिच्चियाक बाँध

(3) हरि के बैराज (बाँध) (4) राणा प्रताप बाँध

113 निम्नलिखित में से कौन सी फसलों का समूह नकद फसलों की श्रेणी में आता है ?

(1) कपास, गन्ना, रतनजोत (2) कपास, रतनजोत, ज्वार

(3) कपास, तिलहन, गेहूँ (4) मक्का, ज्वार, बाजरा

114 मुहाने से उद्‌गम की ओर चम्बल नदी पर स्थित बाँधों का सही क्रम है –

(1) गाँधी सागर – राणा प्रताप सागर – जवाहर सागर

(2) जवाहर सागर – राणा प्रताप सागर – गाँधी सागर

(3) गाँधी सागर – जवाहर सागर – राणा प्रताप सागर

(4) राणा प्रताप सागर – गाँधी सागर – जवाहर सागर

115 मगरा क्षेत्र विकास कार्यक्रम राजस्थान में वर्ष 2005-06 में शुरू किया गया । यहाँ मगरा क्षेत्र निम्न जिलों से सम्बन्धित है –

(1) अजमेर, भीलवाडा, चित्तौडगढ़, पाली एवं राजसमन्द

(2) सवाईमाधोपुर, करौली, धोलपुर व बाँरा

(3) बाडमेर, जैसलमेर, बीकानेर व गंगानगर

(4) अलवर व भरतपुर

indiresult.in whatsapp - 9352018749

indiresult.in whatsapp - 9352018749

116 बायोडीज़ल के लिये किस पौधे की खेती की जाती है ?

INDIRESULT.IN YOUR SUCCESS PARTNER

(1) ग्वार पाठा की (2) रतनजोत की

(3) सोनामुखी की (4) सफेद मूसली की

117 राष्ट्रीय सरसों अनुसन्धान केन्द्र स्थित है –

(1) खेडली में (2) नदवई में

(3) सेवर में (4) बांदीकुई में

118 राजस्थान की 12वीं पंचवर्षीय योजना में सर्वाधिक राशि किस क्षेत्र पर व्यय करने के लिये रखी गई है ?

(1) ऊर्जा क्षेत्र पर (2) सामाजिक व सामुदायिक सेवाओं पर

(3) कृषि व ग्रामीण विकास पर (4) उद्योगों पर

Shubh

119 राजस्थान में सीमावर्ती क्षेत्र विकास कार्यक्रम वर्ष 1993-94 में शुरू किया गया। सीमावर्ती क्षेत्र में राजस्थान के निम्न जिलें सम्मिलित है –

(1) जोधपुर, जैसलमेर, बाडमेर (2) जोधपुर, जैसलमेर, बीकानेर

(3) जोधपुर, जैसलमेर, गंगानगर (4) बाडमेर, जैसलमेर, बीकानेर, गंगानगर

120 राजस्थान की 12वीं पंचवर्षीय योजना में कृषि क्षेत्र के लिये योजनावधि में कितनी औसत वार्षिक वृद्धि दर का लक्ष्य रखा गया है ?

indiresult.in whatsapp - 9352018749

(1) 4.5% (2) 4.0%

(3) 3.5% (4) 3.0%



INDIRESULT.IN YOUR SUCCESS PARTNER

indiresult.in whatsapp - 9352018749

121 किस किले को जीतने के क्रम में अकबर को जयमल एवं फत्ता के प्रबल प्रतिरोध का सामना करना पड़ा था ?

(1) चित्तौड़ (2) रणथम्भौर

(3) कुम्भलगढ़ (4) मेहरानगढ़

122 मध्यकालीन राजस्थान के निम्नलिखित साहित्यिक स्रोतों में से कौन सा सही सुमेलित नहीं हैं ?

| | *ग्रंथ* | *लेखक* |
|---|---|---|
| (1) | पृथ्वीराज विजय | चन्द्र बरदाई |
| (2) | कान्हड़ दे प्रबन्ध | पद्मनाभ |
| (3) | वंश भाष्कर | सूर्यमल्ल मिश्रण |
| (4) | मारवाड रा परगणा री विगत | मुहता नैणसी |

123 निम्नलिखित शासकों में अश्वमेघ यज्ञ संपन्न करने वाला शासक था :

(1) सवाई जयसिंह (2) महाराणा साँगा

(3) राव मालदेव (4) राव चन्द्रसेन

124 राजस्थान के एकीकरण के अंतिम चरण के बारे में निम्नलिखित कथनों में से कौन से सत्य हैं ?

(i) अजमेर-मेरवाड़ा क्षेत्र को राजस्थान में सम्मिलित किया गया।

(ii) सिरौंज का विलय राजस्थान में किया गया।

(iii) आबू एवं देलवाड़ा को राजस्थान में सम्मिलित किया गया।

(iv) मत्स्य संघ को राजस्थान में सम्मिलित किया गया।

सही उत्तर विकल्प का चयन कीजिए –

indiresult.in whatsapp - 9352018749

(1) केवल (i) एवं (ii) (2) केवल (i), (ii) एवं (iii)

(3) केवल (i) एवं (iii) (4) उपर्युक्त सभी

indiresult.in whatsapp - 9352018749

125 राजस्थान सेवा संघ के संस्थापक थे :

(1) विजयसिंह पथिक, रामनारायण चौधरी और हरिभाई किंकर

(2) विजयसिंह पथिक, भूपसिंह और माणिक्यलाल वर्मा

(3) विजयसिंह पथिक, रामनारायण चौधरी और हरिभाऊ उपाध्याय

(4) रामनारायण चौधरी, जयनारायण व्यास और हरिभाऊ उपाध्याय

126 राजस्थान के राजनीतिक जागरण में अग्रणी रहे 'त्याग भूमि' नामक समाचार पत्र के संपादक थे :

(1) जयनारायण व्यास

(2) हरिभाऊ उपाध्याय

(3) रामनारायण चौधरी

(4) विजयसिंह पथिक

127 राजस्थानी भाषा में 'दुविधा' और 'अलेखू हिटलर' जैसी कथाओं के रचयिता हैं :

(1) यादवेन्द्र शर्मा 'चन्द्र'

(2) रांगेय राघव

(3) विजयदान देथा

(4) तारा प्रकाश जोशी

128 कामापचा के बारे में निम्नलिखित में से कौन सा कथन असत्य है ?

(1) यह एक तत् वाद्य है।

(2) इसमें 27 तार होते हैं।

(3) इसके मुख्य प्रयोगकर्ता मांगणियार है।

(4) यह पूर्वी राजस्थान में मुख्यतः प्रचलित है।

129 निम्नलिखित में से कौन सा मेला वर्ष में दो बार आयोजित होता है :

(1) पुष्कर मेला

(2) शीतला मेला

(3) बैणेश्वर मेला

(4) जीणमाता मेला

indiresult.in whatsapp - 9352018749

130 राइका (रेबारी) जाति के अराध्य लोक देवता हैं :

(1) पाबूही

(2) गोगाजी

(3) तेजाजी

(4) हरबूजी

indiresult.in whatsapp - 9352018749

131 राजस्थान की हस्तशिल्प वस्तुओं को राजस्थान लघु उद्योग निगम किस ब्राण्ड नाम से विपणन करता है ?

(1) राजदरबार (2) राजस्थली

(3) राजदर्पण (4) महाराजा

132 राजस्थान में एक नया उद्योग स्थापित करने के लिये राजस्थान उद्यम एकल खिडकी सामर्थ्यकारी और अनुज्ञापन अधिनियम, 2011 (Rajasthan Enterprises Single Window Enabling and Clearance Act, 2011) के तहत विनियोग के प्रस्ताव की सीमा क्या है?

(1) 10 करोड रुपये से अधिक (2) 5 करोड रुपये से अधिक

(3) 1 करोड रुपये से अधिक (4) 50 लाख रुपये से अधिक

133 निम्न में से किस औद्योगिक क्षेत्र को 'जापानी जोन' के नाम से जाना जाता है ?

(1) सीतापुरा (2) बोरानाडा

(3) नीमराना (4) खुशकेडा

134 1973 में रावतभाटा में राजस्थान अणु शक्ति परियोजना की स्थापना किस देश के सहयोग से हुई ?

(1) संयुक्त राज्य अमेरिका (2) यू.एस.एस.आर.

(3) फ्रान्स (4) कनाडा

135 कौन सा खनिज उर्वरकों के उत्पादन में काम में लिया जाता है ?

(1) मुल्तानी मिट्टी (2) घीया पत्थर

(3) जिप्सम (4) डोलामाइट

136 एच.पी.सी.एल. राजस्थान रिफाइनरी लिमिटेड के रिफाइनरी--सह--पैट्रोकैमिकल संकुल का शिलान्यास कब, कहाँ और किसके द्वारा किया गया ?

(1) 22 सितम्बर, 2013 को लीलाला, जिला बाडमेर में प्रधानमंत्री डा. मनमोहन सिंह के द्वारा ।

(2) 22 सितम्बर, 2013 को पंचपदरा, जिला बाडमेर में श्रीमती सोनिया गाँधी के द्वारा ।

(3) 20 सितम्बर, 2013 को पंचपदरा, जिला बाडमेर में श्रीमती सोनिया गाँधी के द्वारा ।

(4) 22 सितम्बर, 2013 को पंचपदरा, जिला बाडमेर में प्रधानमंत्री डा. मनमोहन सिंह के द्वारा ।

indiresult.in whatsapp - 9352018749

indiresult.in whatsapp - 9352018749

137 सुमेलित कीजिये :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (i) | अशोका लीलैण्ड | (अ) | अलवर |
| (ii) | नेशनल बॉल बियरिंग | (ब) | कोटा |
| (iii) | सेम्कोर ग्लास लिमिटेड | (स) | जयपुर |
| (iv) | हिन्दुस्तान रेडियेटर्स | (द) | जोधपुर |

कूट :

| | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (ब) | (अ) | (द) | (स) |
| (2) | (स) | (द) | (ब) | (अ) |
| (3) | (द) | (ब) | (अ) | (स) |
| (4) | (अ) | (स) | (ब) | (द) |

138 ऊर्जा के गैर परम्परागत स्रोत है

(i) सौर ऊर्जा

(ii) प्राकृतिक गैस

(iii) पवन ऊर्जा

(iv) बायोमास ऊर्जा

(v) बायो गैस

(vi) जल विद्युत शक्ति

कूट :

(1) (i), (iii), (iv), (v)

(2) (i), (iv), (v), (vi)

(3) (i), (ii), (iv), (v)

(4) (i), (vi), (v), (ii)

139 राजस्थान में कौन सा स्थान 'नमदा' के उत्पादन के लिये प्रसिद्ध है ?

(1) जयपुर (2) कोटा

(3) टोंक (4) बून्दी

indiresult.in whatsapp - 9352018749

140 पैट्रोलियम के उत्पादन में देश में राजस्थान का कौन सा स्थान है ?

(1) पहला (2) दूसरा

(3) तीसरा (4) चौथा

indiresult.in whatsapp - 9352018749

141 निम्न में से कौन सी पर्वत श्रेणियाँ नवीनतम हैं ?

(1) अरावली (2) हिमालय

(3) सतपुड़ा (4) सह्याद्री

142 कपास की कृषि के लिए 'काली मिट्टी' आदर्श मानी जाती है :

(1) ये अधिक आर्द्रता ग्राही होती है।

(2) ये काले रंग की होती है।

(3) ये लावा से बनी होती है।

(4) ये पाठारी भागों में पायी जाती है।

143 स्थानान्तरित कृषि को राजस्थान में किस नाम से जाना जाता है ?

(1) पोड़ू (2) वालरा

(3) झूम (4) बीरा

144 'खडीन' वर्षा जल संग्रहण की परम्परागत विधि पायी जाती है :

(1) झालावाड़ में (2) अलवर में

(3) जैसलमेर में (4) सीकर में

145 भारत सरकार द्वारा किस सम्भावित स्थान को 'चीता पुनर्वास योजना' के लिए चुना गया है ?

indiresult.in whatsapp - 9352018749

(1) नाहरगढ़ (जयपुर) (2) शेरगढ़ (बाराँ)

(3) शाहगढ़ (जैसलमेर) (4) रामगढ़ (जयपुर)

indiresult.in whatsapp - 9352018749
INDIRESULT YOUR SUCCESS PARTNER

146 राजस्थान के जुलाई माह के वायुदाब मानचित्र में 999 मिलीबार रेखा किन–किन जिलों से होकर गुजरती है ?

(1) जोधपुर, नागौर, सीकर एवं चुरू

(2) जैसलमेर, जोधपुर, बीकानेर एवं गंगानगर

(3) सिरोही, उदयपुर, बाँसवाड़ा एवं झालावाड़

(4) जालौर, पाली, अजमेर एवं टोंक

147 सोम कमला अम्बा सिंचाई परियोजना किस जिले से सम्बन्धित है ?

(1) अलवर (2) डूँगरपुर

(3) बीकानेर (4) पाली

Shubh

148 भारत की प्रमुख पारिस्थितिकीय समस्याओं में से एक 'भू निम्नीकरण' से अभिप्राय है :

(1) अवैधानिक एवं अनियंत्रित खनन (2) भूमि का तीव्र गति से अपरदन

(3) भूमि की उत्पादकता में कमी (4) भूस्खलन

149 राजस्थान में शीतकाल में वर्षा करने वाले विक्षोभों की उत्पत्ति होती है :

(1) भूमध्य सागर एवं कैस्पियन सागर (2) अरब सागर

(3) लाल सागर (4) बाल्टिक सागर

150 निम्नलिखित युग्मों में से असुमेलित युग्म बताइये :

| | *क्षेत्रों के नाम* | *खनिज* |
|---|---|---|
| (1) | तलवाड़ा, लीलवानी, कालाखूटा | मैंगनीज |
| (2) | मोरीजा, डाबला, नीमला | लौह अयस्क |
| (3) | मंगला, एश्वर्या, रागेश्वरी | हीरा उत्पादन क्षेत्र |
| (4) | पलाना, खारी, चान्नेरी | कोयला |

indiresult.in whatsapp - 9352018749

INDIRESULT YOUR SUCCESS PARTNER